कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म0प्र0, भोपाल

E-mail id : mpbse@mp.nic.in, Website : www.mpbse.nic.in
☎ : कार्या. – (0755) 2551166–71

क्रमांक / 4122 / विद्योचित / 2024 भोपाल, दिनांक 01/2/2024

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
मान्यता प्राप्त संस्थाएं,
मध्यप्रदेश

स्मरण – पत्र

विषयः– CWSN (Children with Special Need) दिव्यांग, श्रेणी के छात्रों द्वारा आगामी परीक्षाओं में ली जाने वाली सुविधाओं के संबंध में।

संदर्भः–1. कार्यालयीन विज्ञप्ति क्रमांक / 3306 / विद्योचित / 2022, भोपाल, दिनांक 08.02.2022
2. इस कार्यालय के पत्र क्रमांक / 4111 / विद्योचित / 2024, भोपाल, दिनांक 18.01.2024

---000---

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भानुसार लेख है कि मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 से CWSN (दिव्यांग) श्रेणी के परीक्षार्थियों हेतु पूर्व से जारी सुविधाओं के अतिरिक्त नवीन सुविधाएं भी लागू की गई है। संदर्भित विज्ञप्ति का अवलोकन किया जायें।

उपरोक्त श्रेणी के छात्रों द्वारा जिन सुविधाओं का लाभ मण्डल की आगामी परीक्षाओं में लिया जायेगा, यह जानकारी एकत्रित करने के उददेश्य से, समस्त संबंधित शाला प्राचार्यो को पुनः निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 15.02.2024 तक इन छात्रों द्वारा ली जा रही सुविधाओं की जानकारी एम.पी. ऑनलाईन पर शाला के G2G लॉगिन के माध्यम से दर्ज करना सुनिश्चित करें। CWSN श्रेणी के स्वाध्यायी छात्रों हेतु उक्त जानकारी संबंधित अग्रेषण संस्था प्राचार्य दर्ज करेंगे।

इसे प्राथमिकता दी जाये।

1/2/24
उपसचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक / 4123 / विद्योचित / 2024 भोपाल, दिनांक 01/2/2024

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल।
2. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर, म0प्र0, भोपाल।
3. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र, म0प्र0, भोपाल से अनुरोध है कि वे उपरोक्त के संबंध में शाला प्राचार्यो को पृथक से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. निज सचिव, अध्यक्ष / उपाध्यक्ष / सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल, म0प्र0, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. सी.एस.ओ. (डाटा कक्ष) माध्यमिक शिक्षा मंडल म0प्र0, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु। कृपया पत्र मण्डल की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. समस्त संभागीय अधिकारी, संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मंडल म0प्र0, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु। अपने संभाग की जानकारी भिजवाने हेतु उचित कार्यवाही करें।

उपसचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल
मध्यप्रदेश, भोपाल